पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल

गंज, बैतूल – 460001

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA BETUL

GANJ, BETUL- 460001

EMAIL- KVBETUL@YAHOO.IN

WEBSITE- WWW.BETUL.KVS.AC.IN

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

UDISE NO. 23350322402 SCHOOL CODE- 2201 AFFILIATION NO. 1000089

फा.क्र.28/केवि/बैतूल/भोपाल/2024-25/ दिनांक:-24/01/2025

विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक के कार्यवृत

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल में दिनांक 23/01/2025 को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव एवं प्राचार्य श्री आर.एन.पाण्डेय तथा सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहें :-

1. श्रीमान अपर कलेक्टर एवं नामित अध्यक्ष, वि०प्र०स०, के०वि० बैतूल |
2. सुश्री कृष्णा गौसर सहा०व्या० (वाणिज्य) ज.ह.शा.स्ना.महा.वि. बैतूल |
3. श्री सतीश मटसेनिया, मुख्य नगरपालिकाअधिकारी बैतूल |
4. श्री रविकांत उइके जिला स्वा० एवम् चि० अधिकारी जिला बैतूल |
5. श्री ओमपाल भदौरिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिला बैतूल ।
6. श्री ए०एस० भदौरिया प्राचार्य, शा० पोलि० महा०वि० बैतूल ।
7. श्री एन. वागद्रे उपयंत्री, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिला बैतूल
8. श्रीमती प्रतिमा पालेवार आत्मजा- कुमारी सौर्या पालेवार कक्षा 6वीं 'ब'
9. श्री टी.के. पाडियार प्रबंधक (मे०) भा.स्टे. बैंक आफ इंडिया, बैतूल |
10. श्री भरत भांडे स्ना.शि. (अंग्रेजी) पीएम श्री के.वि. बैतूल |

माननीय नामित अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारियों एवं अतिथियों के स्वगातोप्रांत महोदय की अनुमति से बैठक में प्रस्तावित बिन्दुओं पर चर्चा हुई एवं उनका क्रियान्वयन हेतु आदेशित किया गया -

1. **मरम्मत एवं रख-रखाव/निर्माण कार्य :**

I. कर्मचारी आवास तक पहुँच मार्ग: कर्मचारी भवन तक पहुँच मार्ग बनवाने हेतु चर्चा के दौरान अध्यक्ष वि.प्र.स. द्वारा 200 मी. के मार्ग को बनवाने हेतु सम्बंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी (नगरपालिका बैतूल/पी.डब्लू.डी. बैतूल) से जानकारी प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाएगा | मार्ग के सभी अतिक्रमण हटवाने हेतु अधिकृत अधिकारी बैतूल को यथाशीघ्र कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित गया |

II. खेल मैदान समतलीकरण :- खेल मैदान (फुटबॉल, खो-खो, वोलीबाल) के समतलीकरण विद्यालय विकास निधि / पीएम श्री के माध्यम से पूर्ण करने की स्वीकृति अनुमोदित की गई |

III. विद्यालय की मरम्मत एवं रख-रखाव का अनुमोदन प्रदान किया गया ।

IV. विद्यालय की रंगाई-पुताई के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यालय विकास निधि/पीएम श्री से भुगतान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया ।

V. शिक्षकों के लिए कर पार्किंग एवं छात्रों के लिए साईकिल स्टैंड के रख-रखाव हेतु एवं सुधार हेतु अनुमोदन प्रदान कर अनुगृहित किया गया ।

VI. क्रिकेट खेलने के लिए मैदान एवं पिच का निर्माण कर बच्चों के लिए उपलब्ध करवाना प्रस्ताव पारित किया गया।

2. **विद्यालय को पीएम श्री स्कूल के अंतर्गत चुना गया :-**

I. केन्द्रीय विद्यालय बैतूल में कक्षाओं के सुगम संचालन हेतु विभिन्न सामग्रियों जैसे टेनिस-टेबल, प्रक्षेपक, फोटोकॉपी मशीन, इंटरैक्टिव बोर्ड, कंप्यूटर लैब एवं और कार्यालय विभाग हेतु ए०सी० आदि नियमानुसार Gem Portal के माध्यम से क्रय करने की स्वीकृति दी गई |

II. आवश्यकतानुसार फर्नीचर की खरीद के लिए अनुमोदन दिया गया ।

III. विद्यालय में लैब/कमरों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की ।

IV. इंटरैक्टिव पैनल / टच के सम्बन्ध में निविदा आमंत्रित कर क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की ।

V. कंप्यूटर क्रय करने की स्वीकृति दी गई ।

VI. छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

VII. विद्यालय प्रांगण हेतु क्लोज़्ड सर्किट टेलीविज़न लगवाने की स्वीकृति दी गई ।

P.T.O